एक नजर

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 56 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

तिलोई, अमेठी । जायस कोतवाली क्षेत्र के टांडा–बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफ्फूका पुरवा मोड़ के पास रविवार को सड़क हादसे में 56 वर्षीय बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सुल्तानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान मोबीन (56) पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मुबारकपुर मुखिया के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाले मोबीन की मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। अब परिवार के भरण–पोषण की जिम्मेदारी बच्चों और परिजनों के सामने आ गई है। घटना से गांव में शोक की लहर है।इस संबंध में थानाध्यक्ष जायस से बात करने की कोशिश की गई तो बात नहीं हो पाइ

संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत दादूपुर के पूरे कुटरू गांव में शनिवार देर रात 19 वर्षीय नवविवाहिता अनामिका का संदिग्ध परिस्थितियों में शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।कोरारी हीरशाह गांव निवासी लीलावती पत्नी राधेश्याम के मुताबिक उनकी बेटी अनामिका ने करीब तीन माह पहले परिवार की मर्जी के खिलाफअरविंद के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शनिवार दोपहर अनामिका ने अपनी बहन कोमल को फोन कर बताया था कि अरविंद और उसके घरवाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। वह अब वहां नहीं रहना चाहती है।लीलावती ने बताया कि रात करीब 12 बजे पुलिस उनके घर पहुंची और बेटी की मौत की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां ने बेटी के साथ मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

अमेठी । आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2027 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण अभियान की प्रगति मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने बूथों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में पूरी गंभीरता पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फॉर्म–6 के जरिए पात्र नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए जबकि फॉर्म–7 के माध्यम से मृतक स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित तथा अन्य अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसी प्रकार फॉर्म–8 के माध्यम से मतदाताओं के नाम पते एवं अन्य विवरणों में संशोधन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पेयजल विद्युत शौचालय रैंप सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कमरे में लटका मिला किशोर का शव

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत तरसड़ा के हीरहु का पुरवा गांव में शनिवार देर शाम 15 वर्षीय किशोर प्रिंस यादव पुत्र रंजीत यादव का शव घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक का माहौल है। मृतक के पिता रंजीत यादव ने बताया कि शनिवार को बेटे से पढ़ाई को लेकर बातचीत हुई थी। मोबाइल देखने और उसके इस्तेमाल को लेकर भी उसे समझाया था। हालांकि इस बात पर कोई बड़ी कहासुनी नहीं हुई थी। देर शाम कमरे में बेटे का शव लटका मिलने से परिवार के लोग स्तब्ध रह गए प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किशोर की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

मायावती की तरफटिकी हैं जनता की निगाहें - विश्व नाथ पाल

अमेठी । बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रविवार को एक मैरिज लान में हुई। बैठक में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए 2027में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए सर्वसमाज का संगठन मजबूत करने के संदेश दिए। कहा कि सपा और भाजपा की कार्यप्रणाली से दु:खी प्रदेश की जनता की निगाहें बहन मायावती की तरफ टिकी हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी संगठन के अवशेष कार्यों को 8 नवम्बर तक पूरा करके नया फोल्डर 10 नवम्बर तक हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। बैठक में बामसेफऔर वीवीफके कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बसपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की हितैषी है।बहन मायावती जी ने ब्राह्मण समाज को राजनीति में शीर्ष पर पहुंचाने का काम किया है जबकि भाजपा ने ब्राह्मण समाज को ठगने के अलावा और कोई काम नहीं किया। बैठक में मंडल प्रभारी नन्हे सिंह चौहान मंडल प्रभारी शिवराम बामसेफके जिला संयोजक संजीव भारती जिला उपाध्यक्ष बबलू पांडेय जिला महामंत्री सरवन कुमार यादव वी वी एफके जिला संयोजक कुसुम राज आदि ने विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने किया।

नवनिर्मित जिला कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी । जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने रविवार को नवनिर्मित जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए जिला कारागार को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम जिला कारागार के मॉडल का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने कारागार परिसर में निर्मित बैरकों आवासीय क्षेत्र हाई सिक्योरिटी बैरक विद्युत कनेक्शन शौचालय रसोईघर पाठशाला वॉच टावर मल्टीपर्पज हॉल तथा गोदाम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ ही कारागार में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कारागार से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि हस्तांतरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि जनपद अमेठी में नवनिर्मित जिला कारागार का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग क्षेत्र अयोध्या द्वारा कराया गया है। इस जिला कारागार की क्षमता 990 बंदियों की है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्रा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिला कारागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्माण कार्य पूर्ण होने की जानकारी के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर कारागार को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जिससे कारागार का संचालन शुरू करने की दिशा में आगे की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से की जा सके। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्रा उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

एक ही छत के नीचे मिलीं जनकल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएं



सुलतानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर 'एक दिन, एक जगह ढेरों सुविधाएं' का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार चतुर्थ की अध्यक्षता में आयोजित शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश फरहा मतलूब, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम संध्या चौधरी, अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय एवं नोडल अधिकारी राकेश पाण्डेय, प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित न्यायिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरुआत केएनआईटी के विधि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक से हुई। इसके माध्यम से घरेलू एवं आपसी विवादों को मध्यस्थता के जरिए सुलझाने का संदेश दिया गया। जनपद न्यायाधीश ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य आमजन को उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बच्चों के टीकाकरण और किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका लगवाने पर भी जोर दिया मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, छात्रवृत्ति, जनधन, श्रम योगी मानधन सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों को टूल किट, आवास की प्रतीकात्मक चाबियां, डेमो चेक, स्मार्ट केन, कान की मशीन, डेमो सिलेंडर एवं पुस्तकें वितरित की गईं। जनपद न्यायाधीश ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की प्रगति एवं लाभ वितरण की जानकारी ली। न्यायिक अधिकारियों ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद लोगों तक न्याय और नि:शुल्क विधिक सहायता पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में अपर जनपद न्यायाधीश द्वितीय ने आभार व्यक्त किया। संचालन सचिव मुक्ता त्यागी ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

संतों का सम्मान और भक्ति का दिया संदेश

माधौगंज (हरदोई)। कस्बे के पूर्वी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास संजय कृष्ण द्विवेदी ने गोकर्ण और धुंधकारी का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति, सदाचार और सत्कर्म का संदेश दिया। सच्चे भक्त भगवान की भक्ति में पूरी तरह लीन रहते हैं। मान–अपमान और सुख–दु:ख का कोई विशेष महत्व नहीं रह जाता।

चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

माधौगंज (हरदोई)। थाना क्षेत्र के दलनपुरवा मजरा बरहस गांव में घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।गांव निवासी आलोक सिंह पुत्र कृष्णपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के शेर उर्फ शेर सिंह, रजीत, मालती और रामभरोसे उसके घर के सामने पहुंचे और जबरन दरवाजा खुलवाने का प्रयास करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी–डंडों से हमला कर दिया।आरोप है कि बीच–बचाव करने पहुंची उसकी मां किरण देवी और भाई त्रिलोक सिंह को भी पीटा गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस ने केवल उसके भाई का चिकित्सीय परीक्षण कराया, जबकि घायल मां का परीक्षण नहीं कराया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आलमनगर में ज्वेलर्स की दुकान में सेंध लगाकर लाखों के आभूषण चोरी

शाहाबाद (हरदोई)। मझिला थाना क्षेत्र के आलमनगर में चोरों ने दिलीप ज्वेलर्स की दुकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए। चोर दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और लॉकर में रखे चांदी व सोने के आभूषण चोरी कर ले गए।दुकान मालिक सूरज सोनी के मुताबिक चोर करीब पांच से छह किलो चांदी और 50 ग्राम सोने के आभूषण ले गए। सुबह पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगे होने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे दुकानदार ने डायल 112 और मझिला पुलिस को जानकारी दी। पुलिस की मौजूदगी में दुकान का शटर खोला गया तो लॉकर खाली मिला। दुकान की एक रैक में करीब 200 ग्राम चांदी के आभूषण छूटे हुए मिले।दुकानदार का आरोप है कि उसने पुलिस को दी तहरीर में पांच से छह किलो चांदी और 50 ग्राम सोने के आभूषण चोरी होने की बात लिखी थी, लेकिन मुकदमे में केवल 200 ग्राम चांदी और कुछ सोने के आभूषणों की चोरी दर्ज की गई। इससे चोरी गए माल की वास्तविक मात्रा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।थानाध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने बताया कि वह स्वयं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। चौकी के नजदीक हुई इस वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

डीएम ने गठित की दो सदस्यीय टीम

शाहाबाद (हरदोई)। नगर पालिका परिषद शाहाबाद में 15वें वित्त आयोग की धनराशि से खरीदे गए 100 आरओ वाटर कूलरों का मामला गंभीर शिकायतों के बाद जांच के घेरे में आ गया है। करीब 5.50 करोड़ रुपये की कुल लागत से जुड़े इस प्रकरण में मशीनों की खरीद, गुणवत्ता और निर्धारित स्थानों पर स्थापना को लेकर सवाल उठाए गए हैं। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय समिति गठित कर दी है।मोहल्ला मोलागंज निवासी अनिल कुमार पाण्डेय ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि 100 आरओ वाटर कूलरों के नाम पर संबंधित फर्मों को भुगतान कर दिया गया, लेकिन कई निर्धारित स्थानों पर मशीनें स्थापित ही नहीं की गईं। जहां मशीनें लगाई गई हैं, वहां भी गुणवत्ता और मानकों को लेकर सवाल उठाए गए हैं।शिकायत में पिछले वित्तीय वर्ष में लगाए गए 36 आरओ वाटर कूलरों का भी उल्लेख किया गया है। आरोप है कि भुगतान के बावजूद कई स्थानों पर मशीनें नदारद हैं और इनमें से अधिकांश खराब हो चुकी हैं।

एक ही घर में मिले दोनों के शव

हरदोई। पाली थाना क्षेत्र के पुरवा कछेलिया गांव में घरेलू विवाद ने एक परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया। पत्नी के चरित्र पर शक को लेकर पति–पत्नी के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। शनिवार को विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। आरोप है कि 52 वर्षीय लालपूत ने अपनी पत्नी जमुका पर चाकू से हमला कर उनकी हत्या कर दी। इसके बाद पति का शव भी घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। दोनों की मौत से गांव में सनसनी फैल गई।बताया गया कि दंपती के आठ बच्चे हैं। घटना के समय पति–पत्नी घर में अकेले थे, जबकि बच्चे दूसरे मकान पर गए हुए थे। शाम को बेटा पुष्पेंद्र घर लौटा तो मां को आंगन में मृत और पिता को भी मृत अवस्था में देखकर उसके होश उड़ गए। माता–पिता की एक साथ मौत से आठ बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। घटनास्थल से चाकू और ईंट बरामद होने की जानकारी मिली है। सीओ शाहाबाद संतोष कुमार सिंह ने घटना की जानकारी दी।

योगी को तीसरी बार मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री बनाने का दिलाया संकल्प



लालगंज, रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जेपी सिंह ने देवपुर गांव में जन चौपाल लगाई। चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों को सम्मानित करते हुए उन्होंने 2027 में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया।चौपाल को संबोधित करते हुए जेपी सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के हर गरीब, किसान और मजदूर तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। चाहे आवास योजना हो, शौचालय, उज्ज्वला गैस, किसान सम्मान निधि या राशन योजना, सबका लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि योगी सरकार बनी रहेगी तो गांव के विकास के लिए और भी नई योजनाएं आएंगी, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिलेगा। कानून–व्यवस्था और विकास के मामले में योगी सरकार ने पूरे देश में मिसाल कायम की है। पूर्व जिला मंत्री राधेश्याम पाल ने कहा कि इस बार जेपी सिंह को भाजपा से टिकट मिलेगा और वह चुनाव भी जीतेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान विष्णु प्रताप सिंह उर्फ खिन्नी सिंह ने की, जबकि संचालन किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह ने किया।इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री राधेश्याम पाल, सुशील शुक्ला, मंत्री प्रतिनिधि संजय सिंह, आकाश गुप्ता सहित सैकड़ों सम्मानित ग्रामीण मौजूद रहे। अंत में जेपी सिंह ने सभी को भाजपा की रीति–नीति से जुड़कर गांव को विकसित बनाने का आह्वान किया।

बद्री प्रसाद यादव ने नौ वर्ष की उम्र में थामा था तिरंगा - शिवकुमार शुक्ला



रायबरेली ।सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव के पिता स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी बद्री प्रसाद यादव की 28वीं पुण्यतिथि एकता दिवस के रूप में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पुस्तकालय हाल में मनायी गयी। इस अवसर पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ल ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव ने 6 जनवरी 1921 को मात्र 9 वर्ष की उम्र में तिरंगा थामा था। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव ने कहा कि स्वतन्त्रता सेनानियों के संघर्ष व बलिदान के कारण ही हमें स्वतन्त्रता मिली है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर ने हमें संविधान दिया और हम एक स्वस्थ लोकतंत्र में सांस ले रहे हैं। सेनानियों की स्मतृतियों में आयोजन करने से हमें गर्व की अनुभूति होती है।महामंत्री संजय प्रताप सिंह कछवाह ने कहा कि रायबरेली जनपद का उन्डवा ग्राम ऐतिहासिक है। प्रथम स्वतन्त्रता आन्दोलन के महानायक राना बेनी माधव बक्श सिंह ने इसी पवित्र भूमि पर जन्म लिया था और इसी गाँव में जन्मे बद्री प्रसाद यादव ने मात्र 9 वर्ष की आयु में ब्रिटिश हुकूमत के विरूद्ध चल रहे संघर्ष में सक्रिय भागेदारी की। अधिवक्ता विमलेश अवस्थी ने कहा कि माँ–बाप से बढ़कर कोई नहीं होता है। मैं ओपी यादव द्वारा अनवरत माता–पिता की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए उन्हें बधाई देता हूँ, नई पीढ़ी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अधिवक्ता नागेश सिंह ने कहा कि किसान आन्दोलन में शामिल होने से रोकने के लिए उन्डवा गांव व आस–पास के 123 व्यक्तियों को ब्रिटिश हुकूमत के इशारे पर गिरिफ्तार किया गया था, जिसमें महिलाएँ व बच्चे भी थे, इसी गिरिफ्तारी में बद्री प्रसाद यादव की माँ श्रीमती इंदिरा यादव व पिता सद्धू प्रसाद यादव शामिल थे। समाजवादी अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष सौरी सिंह यादव ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव के ससुर महाबीर यादव 7 जनवरी 1921 को मुंशीगंज गोलीकांड में घायल हुए थे। लोहियावाहिनी के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने कहा कि बद्री प्रसाद यादव की पत्नी श्रीमती उमराई यादव 12 वर्ष की आयु में वानर सेना में शामिल होकर सत्याग्रह शुरू किया था। इस अवसर पर जे.बी. सिंह, शिव बहादुर यादव, मुरारी लाल वर्मा, राजेश कुमार यादव, राधेश्याम चौधरी, अनिल यादव, इरशाद अहमद, राजेन्द्र बहादुर यादव, उमानाथ पाल, सुरेन्द्र यादव, आर.पी. सिंह, आदर्श यादव, श्रीराम वर्मा, संदीप कुमार यादव, आकाश सोनकर, राजेन्द्र यादव, प्रो0 राजेश मौहारी एडवोकेट, विवेक सिंह, महेन्द्र यादव, विजय प्रकाश सिंह, दिवाकर सिंह, पवन कुमार यादव, अभय सिंह मेजर, हिमाँशु शर्मा, श्रवण यादव, अनुज बरवारी, विपुलेश श्रीवास्तव आदि लोगों ने बदी प्रसाद यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाँजलि दी एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला।

एक नजर

बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया उत्सव, हुआ सहभोज

सुलतानपुर। शिक्षा की रोशनी समाज के अंतिम पायदान तक पहुंचाने के संकल्प के साथ घर सुलतानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित मिशन ज्ञानदीप ने अपने सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण कर लिए। इस अवसर पर निषाद बस्ती में बच्चों के साथ एक भव्य एवं भावनात्मक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की मुस्कान, उत्साह और उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के साथ केक काटकर किया गया। इसके उपरांत सभी ने बच्चों के साथ बैठकर सहभोज किया। इस आयोजन का उद्देश्य केवल क वर्ष की उपलब्धि का उत्सव मनाना ही नहीं, बल्कि बच्चों के साथ आत्मीयता, अपनत्व और सामाजिक समानता के भाव को और मजबूत करना भी रहा।समारोह का सबसे भावुक और यादगार क्षण बच्चों की सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने अपनी प्रतिभा, कल्पनाशीलता और भावनाओं को गीत, कविता एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। उनकी प्रस्तुतियों में सीखने की ललक, आत्मविश्वास और अपने सपनों को साकार करने की उम्मीद साफ झलक रही थी। बच्चों का उत्साह देखकर उपस्थित लोगों ने उनकी खूब सराहना की।उल्लेखनीय है कि मिशन ज्ञानदीप के माध्यम से घर सुलतानपुर फाउंडेशन निषाद बस्ती के बच्चों को नियमित रूप से शिक्षा के साथ नैतिक संस्कार, रचनात्मक गतिविधियों, खेलकूद एवं व्यक्तित्व विकास से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इस एक वर्ष की यात्रा में अनेक स्वयंसेवियों और सहयोगियों ने अपना समय एवं योगदान देकर इस अभियान को आगे बढ़ाया है।इस अवसर पर डा रजिता सिंह सचिन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शशिकांत दूबे, आकाश रंजन सिंह, मुकुल दुबे, विनायक मिश्रा एवं अरुण मिश्रा सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दो खिलाड़ियों ने जीता पदक

सुल्तानपुर । उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ विश्वविद्यालय के खेल प्रांगण में दिनांक 31 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजन संपन्न हुआ जिसमें एथलेटिक्स के पूर्व खिलाड़ी राकेश कुमार ने 40 वर्ष की आयु वर्ग में लॉन्ग जंप में कांस्य पदक जीते वहीं शरद पाठक 40 वर्ष की आयु वर्ग में 10000 मीटर की दौड़ में का कांस्य पदक जीतकर जनपद को गौरवान्वित करने का कार्य किया है उनके इस दौड़ की उपलब्धि के लिए जनपद के कुश्ती एसोसिएशन के सचिव सत्यवीर यादव, ओलंपिक संघ के सचिव पंकज दुबे, पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी आर बी पांडे, राजेश वर्मा ,महेश कुमार,कबड्डी संघ से राम अवतार, वर्मा, आशुतोष यादव, आदि लोगों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी

उठाई मुआवजे व चिकित्सा प्रतिपूर्ति की मांग

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह और जिला मंत्री राहुल तिवारी राष्ट्रवादी की ओर से प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है। इस पत्र के माध्यम से 31 अक्टूबर 2026 को जनगणना प्रशिक्षण के दौरान लिफ्ट टूटने से गंभीर रूप से चोटिल हुए परिषदीय शिक्षकों के लिए त्वरित राहत की मांग उठाई गई है। जिला मंत्री राहुल राष्ट्रवादी ने प्रशासन से मांग है कि शासकीय ड्यूटी के दौरान घायल हुए सभी शिक्षकों के संपूर्ण चिकित्सा व्यय की शत–प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाए, गंभीर चोटों को देखते हुए तत्काल अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाए और पूर्णत: स्वस्थ होने तक उन्हें वर्तमान जनगणना ड्यूटी से अस्थायी रूप से मुक्त कर उनके स्थान पर अन्य कर्मियों की तैनाती की जाए। संगठन ने विश्वास जताया है कि प्रशासन शिक्षकों के हितों की रक्षा करते हुए इस पत्र पर त्वरित व सकारात्मक कदम उठाएगा।

चलती बाइक से महिला गिरी गंभीर रुप से घायल जिला अस्पताल रेफर

चांदा। कोतवाली क्षेत्र के इसीपुर ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित होने से उस पर सवार एक महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को आनन–फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। घायल महिला की पहचान देहात कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी रोशनी पत्नी संतोष निषाद के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रोशनी अपने ससुर के साथ बाइक से चांदा कोतवाली क्षेत्र के सफीपुर स्थित अपने मायके जा रही थी। इसी दौरान इसीपुर ओवरब्रिज के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

प्रेमी प्रेमिका ने खुद को लगाई आग,लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी

चांदा । शनिवार देर शाम चांदा कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में किशोरी व उसका प्रेमी युवक अपने आप पर पेट्रोल छिड़क कर आग के हवाले कर दिया था । जिनका लखनऊ स्थित मेडिकल कॉलेज में इलाज जारी है । वही गांव में युवक के घर पर सब इंस्पेक्टर सहित पुलिस बल तैनात है । गांव में शांति का माहौल है । दोनों का इलाज जारी है । चांदा कोतवाली क्षेत्र के मरछा गांव में प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था । जिसमें एक किशोरी एक गांव के ही युवक के प्रेम प्रसंग में पड जाने के कारण युवक के घर चली गई । चांदा कोतवाली की पुलिस दोनों को समझा बूझाकर थाने लाने का प्रयास ही कर रहे थे कि प्रेमी युवक द्वारा अपने व किशोरी के ऊपर ज्वलन शील पदार्थ डालकर आग के हवाले कर दिया था । जिससे दोनों लोग बुरी तरह झुलस गए थे । दोनों को रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा भर्ती कराया गया था । जहां से प्राथमिक इलाज के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिए गया था । जहां पर हालत गंभीर होने की दशा में दोनों को रात में ही लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया । जिनका मेडिकल कॉलेज लखनऊ में इलाज चल रहा है इनके साथ वहां पर चांदा कोतवाली के उप निरीक्षक व पुलिस भी तैनात है । इस मामले मे गांव में पुलिस बल तैनात है । वही किशोरी के घर ताला लटका हुआ है । उनके परिजन लखनऊ इलाज के लिए गए हैं । । जबकि युवक के घर पुलिस तैनात है ।

सूचना

मेरी पुत्री के विद्यालय प्रवेश पंजिका में उसका नाम शिवंन्या राठौर(SHIVANNYA RATHOUR)अंकित है जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम शिवन्या राठौर (SHIVANYA RATHAUR है। पिता का नाम सुनील कुमार राठौर (SUNIL KUMAR RATHOUR) अंकित है जो कि गलत है। पिता का सही नाम सुनील कुमार राठौर(SUNIL KUMAR RATHAUR) है। **सुनील कुमार राठौर पुत्र रामआसरे राठौरनिवासी मो. अमीरगंज कस्बा व परगना व तहसील महमूदाबाद,जिला सीतापुर**

सूचना

मेरी पुत्री अनन्या राठौर के विद्यालय प्रवेश पंजिका में पिता का नाम त्रुटिवश सुनील राठौर अंकित है। पिता का सही नाम सुनील कुमार राठौर(SUNIL KUMAR RATHAUR) है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है।**सुनील कुमार राठौर पुत्र रामआसरे राठौर,निवासी मो. अमीर –गंज कस्बा व परगना व तहसील महमूदाबाद,जिला सीतापुर**

नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय,डलमऊ रायबरेली वाद संख्या टी 2026058050 4826.. सन. 2026ई रामप्रकाश सिंह आदि वादी बनाम शेर बहादुर सिंह सिंह आदि प्रतिवादी /विपक्षी बनाम शेर बहादुर सिंह पुत्र महादेव सिंह निवासी ग्राम भगवंतपुर चंदनिहा परगना व तहसील डलमऊ जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अंतर्गत धारा 116 उ. प्र. रा. संहिता 2006अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 4 माह 11सन 2026 ई को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक. 27.. माह...10 सन. 2026... ई को जारी की गई। हस्ताक्षर पीठासीन अधिकारी न्यायालय डलमऊ रायबरेली।